**राजस्थान स्टेट एड्स कन्ट्रोल सोसायटी**
**(राजस्थान सरकार)**
**3 फ्लोर, पुरानी आरएमएससीएल बिल्डिंग, स्वास्थ्य भवन,**
**तिलक मार्ग, सी—स्कीम, जयपुर — 302005**
**ई—मेल — directoraids-rj@nic.in**

1066
16-7-2026

**संयुक्त मूल्यांकन समिति (Joint Appraisal Committee) में समुदाय (FSW/MSM/IDU/TG/PLHIV) के प्रतिनिधित्व हेतु अभिरूचि अभिव्यक्ति (Expression of Interest - EOI)**

राजस्थान स्टेट एड्स कन्ट्रोल सोसायटी द्वारा राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन की मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) के अनुसार NGO Empanelment की प्रक्रिया हेतु संयुक्त मूल्यांकन समिति (Joint Appraisal Committee) में समुदाय का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने हेतु पात्र समुदाय सदस्यों से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं —

पात्रता व शर्तें :—

आवेदक को निम्नलिखित शर्तों को पूरा करना होगा —

1. आवेदक वर्तमान में एवं विगत तीन वर्षों के दौरान राजस्थान स्टेट एड्स कन्ट्रोल सोसायटी से अनुदान प्राप्त किसी भी गैर सरकारी संगठन (NGO) अथवा सामुदायिक आधारित संगठन (CBO) से संबंद्ध / सदस्य नही होना चाहिए।
2. आवेदक ने वर्तमान में एवं विगत तीन वर्षों के दौरान राजस्थान स्टेट एड्स कन्ट्रोल सोसायटी के अन्तर्गत किसी भी लक्षित हस्तक्षेप (TI) अथवा लिंक वर्कर स्कीम (LWS) परियोजना हेतु आवेदक संस्था से संबद्ध / सदस्य नही रहा हो।
3. आवेदक बिना किसी मानदेय, यात्रा भत्ता अथवा अन्य किसी प्रकार के भुगतान के समिति में सदस्य बनकर आवश्यकता अनुसार आयोजित बैठकों में भाग लेने के लिए सहमत होना चाहिए।
4. इस अभिरूचि अभिव्यक्ति (EOI) के अन्तर्गत प्राप्त आवेदनों के आधार पर किसी भी पात्र समुदाय सदस्य का चयन / नामांकन करने का अन्तिम अधिकार परियोजना निदेशक, RSACS के पास सुरक्षित रहेगा।
5. यह समिति राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन की मानक संचालन प्रक्रिया (SOP) के अनुसार समुदाय के प्रतिनिधित्व हेतु गठित एक कार्य—आधारित एवं अल्पकालिक समिति होगी।

आवेदन में निम्नलिखित विवरण संलग्न करें :—

इच्छुक अभ्यर्थी अपना नाम, आयु, प्रतिनिधित्व किया जाने वाला समुदाय (कृपया उपयुक्त विकल्प पर √ अंकित करें) (FSW/MSM/IDU/TG/PLHIV), मोबाइल नम्बर, ई—मेल आईडी सहित निम्नलिखित आशय का स्व—घोषणा पत्र— "मैं यह स्व—घोषणा करता / करती हूँ कि मैं वर्तमान में एवं विगत तीन वर्षों के दौरान राजस्थान स्टेट एड्स कन्ट्रोल सोसायटी से अनुदान प्राप्त NGO/CBO से संबद्ध नही रहा / रही हूँ, जिससे संयुक्त मूल्यांकन समिति के कार्यों के दौरान हितों का टकराव (Conflict of Interest)उत्पन्न होने की संभावना हो।" संलग्न करें।

आवेदन सीलबन्द लिफाफे में अथवा ई—मेल directoraids-rj@nic.in पर PDF आवेदन संलग्न करते हुये दिनांक 27 जुलाई 2026, सायं 05.30 बजे तक कार्यालय में जमा कराया जाना सुनिश्चित करें।

परियोजना निदेशक

RajKaj Ref No.:
23430349

Digitally signed by SUSHIL KUMAR PARMAR
Designation: Project Director
Date: 2026-07-16 14:21:16 IST

v-1.0